# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,गोरखपुर

पत्रांकः 1390/कमेटी अनुभाग/2025 दिनांकः 09/04/2025

सेवा में,

प्राचार्य, सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

**विषयः प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा संस्थानों में AEDPs (Apprenticeship Embedded Degree Program) संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक, विशेष सचिव उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–810/सत्तर–3–2025–1684567 दिनांक 31.03.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा संस्थानों में AEDPs (Apprenticeship Embedded Degree Program) संचालित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

सूच्य हो कि क्रिस्प द्वारा PEHLE-UP (Project for Excellence in Higher Learning Education in UP) प्रोजेक्ट के अन्तर्गत संचालित Apprenticeship Embedded Degree Program (AEDPs) में निम्नलिखित पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं–

1. बी0कॉम0 (बैंकिंग, वित्तीय सेवायें और बीमा)
2. बी0कॉम0 (रिटेल, आपरेशन मैनेजमेंट)
3. बी0बी0ए0 (लॉजिस्टिक्स)
4. बी0कॉम0 (ई–कामर्स, आपरेशन)
5. बी0एस–सी0 (टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटैलिटी ऑपरेशन)

विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निम्नलिखित महाविद्यालयों का चयन किया गया है–

| RHEO | District | Name | Category | Location | University |
|---|---|---|---|---|---|
| Gorakhpur | Deoria | Sant Vinoba P. G. College, Deoria | Aided | Deoria | Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur |
| Gorakhpur | Gorakhpur | Bapu Post Graduate College, Peepeeganj, Gorakhpur | Aided | Gorakhpur | Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur |
| Gorakhpur | Gorakhpur | Digvijay Nath P. G. College, Gorakhpur | Aided | Gorakhpur | Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur |
| Gorakhpur | Gorakhpur | Mahatma Gandhi P. G. College, Gorakhpur | Aided | Gorakhpur | Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur |
| Gorakhpur | Gorakhpur | Chandrakanti Ramavati Devi Arya Mahila P.G. College, Gorakhpur | Private | Gorakhpur | Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur |

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,गोरखपुर

PEHLE-UP (Project for Excellence in Higher Learning Education in UP) प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में अन्य जानकारी अथवा इसमें आने वाली समस्याओं में सहायता हेतु क्रिस्प संस्था के स्टेट लीड प्रो0 बलराज चौहान (ई-मेल आईडी balraj@crispindia.net) तथा नोडल रिसर्च पर्सन श्री चन्द्रमणि सिंह (मो0-8299810470, ई-मेल chandramani@crispindia.net) पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अतः शासन के निर्देशानुसार, सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों को वर्तमान सत्र (2025-26) से उक्त पाठ्यक्रमों को अनिवार्य रूप से संचालित करने की व्यवस्था करनी होगी। इसके लिए, निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय/विज्ञान संकाय।
3. डॉ0 राजू गुप्ता, आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग, नोडल अधिकारी AEDPs पाठ्यक्रम, विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि शासन के उक्त पत्र में दिये गये निर्देश के क्रम में सम्बद्ध सम्बन्धित महाविद्यालयों से बैठक आहूत कर AEDPs पाठ्यक्रम संचालित करने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर।
5. उप कुलसचिव प्रशासन/परीक्षा।
6. प्रभारी, सम्बद्धता अनुभाग।
7. समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को सम्बन्धित महाविद्यालय की वेबसाइट लॉगिन पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. प्रभारी, सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
9. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

9/4/25

(G:\Monogram.doc)